# छठ महापर्व नहाय-खाय के साथ आज से शुरू



## महापर्व छठ को लेकर नगर निगम ने शहर और छठ घाटों की सफाई कार्य की शुरूआत

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम ने महापर्व छठ के अवसर पर सभी छठ घाटों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। विभिन्न स्थानों पर जेसीबी, कूड़ा वाहन और सफाई कर्मी गंदगी को साफ करने में जुटे हैं। नगर निगम का लक्ष्य दिवाली तक सभी छठ घाटों की सफाई पूरी करना है। हालांकि, आगामी चुनावों के चलते सफाई कार्य को विभिन्न टीमों में बांटकर किया जा रहा है। छठ व्रतियों की सबसे अधिक संख्या वाली जगहों पर विशेष तैयारी की जाएगी। साथ ही, प्रमुख छठ घाटों तक जाने वाले रास्तों की भी सफाई की जा रही है। शहर में अलग-अलग स्थानों पर नियमित सफाई के साथ-साथ मुख्य मार्गों और गलियों की सफाई भी की जा रही है। छठ घाटों पर पोस्टर और बैनर लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस बार रिवर फ्रंट, अमानत छठ घाट, पंपु कल और सुदना सहित निगम क्षेत्र के सभी घाटों की सफाई की जा रही है। नगर निगम द्वारा भीड़-भाड़ वाले छठ घाटों पर व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए फ्लैक्स के माध्यम से छठ घाटों पर गंदगी न फैलाने की अपील की जाएगी। छठ घाटों के रास्तों को समतल करने और झाड़ियों की सफाई का निर्देश दिया गया है। गंदगी और दुर्गंध को कम करने के लिए कोयल, अमानत नदी और कचरवा डैम सहित सभी घाटों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। नगर निगम का दावा है कि मंगलवार तक सभी छठ घाट व्रतियों के स्वागत के लिए तैयार रहेंगे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत हो रही है। इस पर्व की तैयारी जोर-शोर से चल रही है और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महापर्व के लिए बाजारों में भीड़-भाड़ बढ़ गई है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व की शुरूआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ होगी। दीपावली के बाद अब छठ की तैयारियों की रौनक शहर में बिखरने लगी है। मेदिनीनगर में बड़ी संख्या में लोग छठ पर्व मनाते हैं। इस अवसर पर पंपुकल, चित्रगुप्त मंदिर, सूर्य मंदिर हमीदगंज, सूदना, कचरवा डैम और अमानत नदी के सिंगरा घाटों की सफाई की जा रही है। महापर्व की तैयारियों में महिलाएं विशेष रूप से जुटी हुई हैं। छठ पर्व सूर्य देव और छठी माता के पूजन का पर्व है।

**चार दिवसीय महापर्व का कार्यक्रम :** छठ महापर्व 5 नवंबर को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। इस दिन व्रती महिलाएं चने की दाल, लौकी और भात का प्रसाद ग्रहण करेंगी। 6 नवंबर को खरना होगा, जिसमें गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद लिया जाएगा। इसके बाद लगातार 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ होगा। 7 नवंबर को अस्तगामी सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा और 8 नवंबर को उदयगामी सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ व्रत का समापन होगा।

**नहाय-खाय का महत्व :** नहाय-खाय छठ पूजा की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन व्रती पवित्र जलाशय में स्नान करते हैं और प्रसाद के रूप में कच्चे चावल, चने और लौकी की सब्जी का सेवन करते हैं। इस दिन नमक वाला भोजन केवल एक बार किया जाता है। यह दिन व्रतियों के लिए शुद्धता और सात्विकता का प्रतीक होता है।

इस महापर्व के पहले दिन के लिए लौकी 40-50 रुपए प्रति किलो बिक रही है, जबकि गुड़ 50-60 रुपए प्रति किलो मिल रहा है। दउरा 250, दोहरी दउरी 200, झाड़ू 50, सूप 150 से लेकर 300 रुपए प्रति जोड़ा बिक रहा है। वहीं, दिया और ढकन्नी 80 रुपए प्रति जोड़ा बिक रहा है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की समीक्षा, कहा-निर्वाचन कार्य में लापरवाही नहीं सहन की जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता**


**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को सभी पांच विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारियों और विभिन्न कोषांगों के प्रभारी अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उन्होंने विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की, जिसमें ईवीएम/वीवीपैट कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, एमसीसी सेल, निर्वाचन कोषांग, पोस्टल बैलेट सेल, सेवा मतपत्र और मीडिया कोषांग शामिल थे।

बैठक के दौरान उन्होंने 3 नवंबर को होम वोटिंग और सुविधा केंद्रों पर मतदान की जानकारी ली। इसके साथ ही, सभी विधानसभा क्षेत्रों में वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप के वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की।

शशि रंजन ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के सभी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य है। इसके अलावा, उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी ली। बैठक में बीएलओ को सहयोग देने वाले वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया गया और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यूरिनल बेकार, यात्रियों को हो रही असुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के डालटनगंज रेलवे स्टेशन का हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 29.2 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया गया था। इस योजना के अंतर्गत स्टेशन को नए फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। हालांकि, इतनी सुविधाओं के बावजूद प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित यूरिनल प्रयोग में नहीं आ रहा है, जिससे यात्रियों को खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

यूरिनल के समुचित रखरखाव और प्रतिदिन साफ-सफाई की कमी के कारण यहाँ से गुजरने वाले यात्रियों को नाक पर रूमाल रखना पड़ता है। पुरुष और महिला यात्रियों के लिए बनाए गए यूरिनल के बाहर गंदगी फैली हुई है, जिससे विशेषकर महिलाओं को परेशानी होती है। यही वजह है कि कई बार महिलाओं को मजबूरी में यूरिनल के बाहर ही प्राकृतिक जरूरतों को पूरा करना पड़ता है।

प्लेटफार्म नंबर एक पर बने इस यूरिनल के पास ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों की भीड़ हमेशा रहती है। यूरिनल से उठने वाली बदबू यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है, साथ ही जीआरपी के जवान और टीटीई भी इससे प्रभावित हैं। मजबूरी में कई लोगों को खाली पड़े हिस्से का प्रयोग करना पड़ रहा है। यह स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि प्लेटफार्म नंबर एक पर लंबी दूरी की राजधानी सहित अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव होता है।

# जीएलए कॉलेज में विस चुनाव की तैयारियाँ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होने वाला है। इस अवसर को लेकर जीएलए कॉलेज परिसर के बी-ब्लॉक में स्थित वज्रगृह को पूरी तरह दुरुस्त किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों के मतदान के बाद मतगणना भी इसी स्थान पर होगी। जिला प्रशासन इस प्रक्रिया के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसके तहत चुनाव आयोग से प्रतिनियुक्त प्रेक्षक एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को रांची से ईवीएम मशीनों को वज्रगृह में लाया गया। इसके बाद इन्हें मतदान के लिए तैयार किया जाएगा, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वीवीपैट मशीनें सुचारू रूप से काम कर रही हैं। इसके बाद यह निर्धारित किया जाएगा कि किस ईवीएम को किस बूथ पर भेजा जाना है। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए वज्रगृह के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। फिलहाल, वज्रगृह की सुरक्षा झारखंड सशस्त्र बल के पास है। मतदान की तिथि से ही वज्रगृह में त्रिस्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय रिजर्व बलों को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

# वोटर इनफॉर्मेशन स्लीप वितरण पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की कड़ी निगरानी

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की बैठक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारियों और बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंडवार वोटर इनफॉर्मेशन स्लीप के वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिन प्रखंडों में 75 प्रतिशत से कम वितरण हुआ है, उनकी विशेष समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारियों को अगले दो दिनों में वितरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वोटर इनफॉर्मेशन स्लीप का वितरण केवल उन्हीं मतदाताओं को किया जाए, जो स्वयं उपस्थित हों। इसके साथ ही, उन्होंने अबसेंट, शिफ्टेड एवं डेथ (एएसडी) मतदाताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया और इस कार्य में किसी भी चूक से बचने की आवश्यकता पर बल दिया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान केंद्र पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश दिया। इस कार्य में बीएजी का सहयोग लेने की बात भी कही गई। बैठक में होम वोटिंग की प्रगति, एएमएफ वेरिफिकेशन समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# छठ पर्व पर शुरू हुई खरीदारी बाजार में लगा रहा जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** छठ पर्व के अवसर पर उमड़ी भीड़ के कारण बाजार क्षेत्र सहित पूरे शहर में जाम की स्थिति बनी रही। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने बड़े वाहनों की एंट्री रोकने के लिए बाजार में जाने वाले मुख्य रास्तों पर बैरिकेड्स लगा दिए हैं। इसके परिणामस्वरूप, ग्राहकों को अपने वाहनों को बाजार के बाहर ही पार्क कर खरीदारी करनी पड़ रही है। हालांकि, पुलिस द्वारा बैरिकेड्स लगाने के बावजूद कई दोपहिया और चौपहिया वाहन गलियों के रास्ते मेन बाजार तक पहुंच रहे हैं, जिससे बाजार में जाम की स्थिति और अधिक खराब हो रही है। शहर के छह मुहान, लाल कोठा, जिला स्कूल चौक समेत कई स्थानों पर बैरिकेड्स लगाकर तीन-चार पहिया वाहनों के मुख्य बाजार में जाने के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। छठ पर्व के मद्देनजर लोग दउरा, सूप और झाड़ू खरीदते नजर आए, वहीं पूजन सामग्री खरीदने के लिए भी होड़ मची रही। जानकारी के अनुसार, छठ के मौके पर दुकानदार बाजार क्षेत्र में सड़क पर अस्थाई दुकानों में पूजा सामग्री बेचते हैं, जिससे बाजार में और भीड़ बढ़ जाती है। सोमवार की शाम को छः मुहान से जेलहाता, हॉस्पिटल चौक और रेड़मा चौक तक भारी जाम की स्थिति बन गई। मंगलवार को खरीदारी करने के लिए और अधिक भीड़ उमड़ने की उम्मीद है, जिसे लेकर पुलिस भी अलर्ट है। किसी भी प्रकार की घटनाओं से निपटने के लिए विभिन्न स्थानों पर वदीर्धारी पुलिस की तैनाती की गई है।

# राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक ने पूरे किए 75 वर्ष, लोगों ने दी शुभकामनाएं



**मेदिनीनगर।** प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार और शिक्षक हरिवंश प्रभात 5 नवंबर 2024 को 75 वर्ष के हो गए। झारखंड के पलामू जिले के कोल्हुआ खुर्द, पूर्वडीहा में 5 नवंबर 1949 को जन्मे हरिवंश प्रभात ने शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में काफी योगदान दिया है। उनके पिता स्वर्गीय इंद्रजीत दुबे और माता स्वर्गीय देवमती देवी ने उनका पालन-पोषण मूल्य आधारित शिक्षा के साथ किया। बीएससी और हिंदी में एमए की पढ़ाई के बाद, उन्होंने शिक्षण में डिप्लोमा प्राप्त किया और एक आदर्श प्रधानाध्यापक के रूप में अपनी सेवा दी।

हरिवंश प्रभात को शिक्षण के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार, राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार, राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा 2004 में दिया गया। इस सम्मान ने उन्हें शिक्षक समाज में एक प्रेरणा के रूप में स्थापित किया। इसके अलावा, उन्हें 2021 में 'बिरसा मुंडा ज्योति सम्मान' से नवाजा गया। इसी वर्ष, उन्हें झारखंड विधानसभा और बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना द्वारा भी विशेष सम्मान मिला।

हरिवंश प्रभात की साहित्यिक यात्रा भी उतनी ही प्रेरणादायक रही है। उनकी दस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें छात्रोपयोगी हिंदी और संस्कृत व्याकरण, अंग्रेजी प्राइमर, समाज विज्ञान आदि पर आधारित पुस्तकें शामिल हैं। उनकी कविताओं और गीतों ने पाठकों के मन में विशेष स्थान बनाया है। उनका गीत 'जंगलों पहाड़ों का सिलसिला देखले, रुक रुक परदेशी पलामू जिला देखले' और 'लाल किले से तुम बोलो, मैं पलामू किले से बोल रहा हूँ' काफी लोकप्रिय हैं, जिनमें उनके जन्मस्थान के प्रति उनका गहरा लगाव झलकता है।

उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है और साहित्यिक मंचों पर अपनी पहचान बनाई है।

निर्वाची पदाधिकारी ने चार प्रखंडों का किया दौरा

# आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल अधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा सदर, मेराल, चिनिया तथा रंका प्रखंड का दौरा कर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की धरातलीय स्थिति का अवलोकन किया। उनके द्वारा जहां कहीं भी आचार संहिता अनुपालन में विसंगति दिखाई दी, वहां पर उम्मीदवारों के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना आदेश लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा। आसमान में गर्म हवा के गुब्बारे से प्रचार करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। एक घर में तीन से अधिक झंडा नहीं लगाये जा सकते हैं। इस पर भी गृह स्वामी का अनापत्ति प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी बीडीओ, सीओ, फ्लाइंग स्क्वायड तथा वीडियो सर्विलांस टीमों को निर्देश दिया कि बिना निवार्ची पदाधिकारी की आदेश व अनुमति के कोई रैली या सभा का आयोजन नहीं होना चाहिए। कोई भी चुनाव कार्यालय आदेश व अनुमति लेकर ही खोला जाएगा। अनुमति प्राप्त रैलियों में शामिल वाहनों पर निश्चित आकार से बड़े झंडा होने पर या अनुमति प्राप्त चुनाव कार्यालय में निर्धारित अधिकतम आकार व संख्या से ज्यादा झंडा बैनर होने पर तत्काल साक्ष्य जुटाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायें। उन्होंने कहा कि ऑडियो वीडियो प्रचार हेतु एलईडी प्रचार वाहनों के मामले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय,झारखंड, रांची के स्तर से निर्गत आदेश दिखाना जरूरी होगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आचार संहिता के उल्लंघन के प्रमाणित होने पर त्वरित कार्रवाई अपेक्षित होगी। कार्रवाई में जानबूझकर विलंब होने पर संबंधित प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों पर जवाबदेही तय की जायेगी।

# विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों के तहत द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत आगामी 13 नवंबर को जिले में होने वाले मतदान को लेकर सोमवार को बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपीएटी मशीनों की द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में किया गया।

यह रेंडमाइजेशन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों मनीष कुमार, पटेल आनंद बाबूलाल, पदुम सिंह अलमा और टी.के. शिबु की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें सभी पांचों निर्वाचि पदाधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से हुई इस द्वितीय रेंडमाइजेशन में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए बूथ वाइज ईवीएम मशीनों का निर्धारण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की जाती है, जिसमें किसी भी मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती।

उन्होंने आगे बताया कि द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन और रि-रेंडमाइजेशन करके दिखाया गया, जिसके बाद उनकी सहमति लेकर मशीनों के डेटा को फाइनल किया गया।

## भाड़ा मांगने पर तोड़ी वाहन का शीशा

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी में मिथिलेश ठाकुर के चुनाव प्रचार से लौटने के बाद एक ड्राइवर पर हमला करने का मामला सामने आया है। ड्राइवर श्रीराम सिंह स्कॉर्पियो के चालक ने बताया कि प्रिंस पांडे ने 28 अक्टूबर को गाड़ी बुक की थी ताकि वे गढ़वा में मिथिलेश ठाकुर के प्रचार में जा सकें। 2 नवंबर को चुनाव प्रचार समाप्त करने के बाद रात करीब 10 बजे जब वह हाउसिंग कॉलोनी वापस पहुंचे, तो उन्होंने प्रिंस पांडे से गाड़ी का भाड़ा मांगा। इस पर प्रिंस पांडे, उनके भाई आलोक पांडे और अन्य लोग लाठी लेकर उस पर हमला कर दिए और उसकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। श्रीराम सिंह ने किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने की जानकारी दी।

# दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप, पुलिस के खिलाफ स्थानीय लोगों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन दिनों से लापता 12 वषीर्या नाबालिग का शव सोमवार की सुबह बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, मृतका का शव सड़ चुका था, जिससे भयंकर दुर्गंध आ रही थी। शव का पोस्टमार्टम रांची के रिम्स में कराया जाएगा।

मृतका के परिजनों के मुताबिक, वह गत शुक्रवार को शाम पांच बजे सिले हुए कपड़े किसी व्यक्ति के घर देने गई थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। एक घंटे तक न मिलने पर परिजनों ने चैनपुर थाने में मामला दर्ज कराया था।

सोमवार को ब्रजेश दुबे के बेटे पंकज दुबे ने अपने कच्चे कुएं में शव देखा। शव मिलने की सूचना से आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे, साथ ही चैनपुर, रामगढ़ और टाउन थाना क्षेत्र की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उपप्रमुख सुनील सिंह, जिला परिषद सदस्य फजायल अहमद, मुखिया पति अजमल अंसारी और विधायक प्रत्याशी अजय सिंह चेरो भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच के लिए खोजी कुत्ता भी लगाया।

परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की सूचना देने के बावजूद थाना प्रभारी ने किशोरी को खोजने में तत्परता नहीं दिखाई। उनका कहना था कि यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती, तो शायद किशोरी की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने गांव के देवनारायण सिंह के पुत्र सुमित और अमित पर आरोप लगाया कि दोनों भाई किशोरी को अक्सर छेड़ते थे। अंतिम बार दोनों भाइयों को किशोरी के साथ बात करते हुए देखा गया था। परिजनों का आरोप है कि दुष्कर्म के बाद किशोरी की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों ने सड़क जाम करने की चेतावनी दी, लेकिन पुलिस की तत्परता से चैनपुर-पथरा मुख्य मार्ग को जाम नहीं किया गया। मौके पर एएसपी को मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें थाना प्रभारी को निलंबित करने, पांच लाख रुपए मुआवजा देने, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और चैनपुर थाना में आवेदन देने के बाद रिसिविंग न देने की परंपरा शुरू करने की मांग की गई। मृतका अपनी मां के साथ नानी के घर रहती थी। करीब एक दशक पहले नक्सलियों ने उसके पिता की हत्या कर दी थी। पिता की हत्या के बाद उसकी मां अपने बच्चों के साथ मायके में रहने लगी थी। लाडली, मृतका, सबसे छोटी बेटी थी और उसकी मां टेलरिंग का काम करके परिवार का भरण-पोषण करती हैं। घटना के दिन मां ने कपड़े सिलकर पहुंचाने के लिए लाडली को भेजा था।

चैनपुर प्रभारी श्रीराम शर्मा ने कहा कि जिस दिन उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ, उसी दिन इस मामले की एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई थी।

### गढ़वा में भाजपा नेताओं का विश्वास और समर्थन का आह्वान

# झारखंड को लुटेरी सरकार से बचाकर विकास की ओर ले जाना है : बाबूलाल मरांडी

**गढ़वा में प्रधानमंत्री की विजय संकल्प सभा: भाजपा नेताओं का विकास का संकल्प**

**मनीष तिवारी**

**गढ़वा।** जिले के चेतना मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय संकल्प सभा में भाजपा नेताओं ने झारखंड के विकास के लिए भाजपा की सरकार को आवश्यक बताया। इस सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की मौजूदा सरकार गरीबों के अधिकारों का हनन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों का अवैध दोहन कर रही है। उन्होंने कहा कि 'भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो संविधान की रक्षा कर सकती है और राज्य को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जा सकती है।' उन्होंने डबल इंजन की सरकार के महत्व पर जोर देते हुए जनता से अपील की कि भाजपा गठबंधन को समर्थन देकर राज्य के विकास में सहयोगी बनें। सभा की शुरूआत में पलामू के जिला अध्यक्ष अमित



### प्रधानमंत्री मोदी का गरमजोशी से स्वागत

गढ़वा के चेतना मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहुंचना ही जैसे एक उत्सव बन गया। जैसे ही प्रधानमंत्री मंच पर आए, उन्होंने अपने अंदाज में जनता का अभिवादन करते हुए कहा, सब ठीक बा न...ह्व इस अभिवादन के बाद उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का स्वागत किया और और फिर छठ मैया से क्षेत्र की शांति समृद्धि की दुआ की और अपनी बात शुरू की। प्रधानमंत्री ने दोपहर 11:45 बजे अपने भाषण की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। मंच पर उनके साथ भाजपा के प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी, भानु प्रताप शाही, रामचंद्र चंद्रवंशी, कमलेश सिंह, कु. शशिभूषण मेहता, आलोक चौरसिया और पुष्पा देवी भी उपस्थित थे।

तिवारी और गढ़वा जिला अध्यक्ष ने अपने विचार रखे। भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि 'अब हुसैनाबाद की जनता समझ चुकी है कि क्षेत्र का वास्तविक विकास भाजपा ही कर सकती है, और इसी विश्वास के साथ वे भाजपा का समर्थन कर रहे हैं।' वहीं, भानु प्रताप शाही ने कहा कि पूरे झारखंड में भाजपा का परचम लहराएगा। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों ने क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। डाल्टनगंज विधानसभा के नेता आलोक कुमार चौरसिया ने क्षेत्र में सड़क निर्माण से लेकर किसानों के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए जनता का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री जी झारखंड के विकास के लिए यहां आए हैं, हमें उनके साथ मिलकर विकास को गति देनी है।' रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी भाजपा द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की और जनता से आगे भी सहयोग की अपील की। सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में अब असली विकास की शुरूआत होगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से सोच-समझकर मतदान करने और प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने का आग्रह किया, ताकि डबल इंजन की सरकार बन सके। सभा में भाजपा की ओर से पुष्पा देवी और कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'भाजपा जो कहती है, वह करती है, और यही पार्टी झारखंड का सर्वांगीण विकास कर सकती है।'

## प्रधानमंत्री के आगमन पर अद्भुत उत्साह

▸ प्रधानमंत्री मोदी की सभा में उमड़ा जनसैलाब: गढ़वा में विकास की आस

▸ जन सभा की झलकियां

सोमवार को गढ़वा के चेतना मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने को भारी भीड़ उमड़ी। यह गढ़वा के लिए ऐतिहासिक क्षण था, जब किसी प्रधानमंत्री ने यहां पहुंचकर जनसभा को संबोधित किया। लोगों का उत्साह इस कदर था कि टेंट खचाखच भरे होने के बावजूद सैकड़ों लोग धूप में खड़े होकर प्रधानमंत्री का भाषण सुनते रहे।

**अभिवादन का दिलचस्प नजारा**

हेलीकॉप्टर से उतरते ही पीएम मोदी ने अपने गले में पहने अंगवस्त्र को लहराते हुए लोगों का अभिवादन किया। इस पर उत्साहित भीड़ ने भी हाथ हिलाकर उनका स्वागत किया। भीड़ को संभालने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

**धूप में भी जुटे रहे लोग**

सभा स्थल पर जगह की कमी के कारण, कई लोग मैदान के किनारे खड़े होकर और मेड़ पर बैठकर ध्यानपूर्वक पीएम मोदी की बातें सुनते रहे, जिससे उनके जोश और समर्थन की झलक साफ दिखाई दी।

**मोदी के समर्थन में तख्ती लिए पहुंचे शिक्षक** सेवानिवृत शिक्षक सच्चिदानंद तिवारी सभा में हाथ में एक तख्ती लिए नजर आए, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा में पंक्तियां लिखी हुई थीं, जिससे उनके मोदी प्रेम की झलक मिली।

**गढ़वा की उम्मीदें**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के केदार राम ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन से उनकी उम्मीदें बढ़ी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा की जीत के बाद बिजली और नाली जैसी बुनियादी समस्याएं सुलझेंगी।

**भ्रष्टाचार से मुक्ति की आस**

जलेबी गांव से आए रामाधार साव ने बताया कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है, और भाजपा के सत्ता में आने से भ्रष्टाचार से छुटकारा मिलने की उम्मीद है।

**बीजेपी के शासन में शांति और सुविधाएं**

गढ़वा के जराज अंसारी ने मोदी सरकार की शांति व्यवस्था और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के कारण भाजपा को वोट देना वक्त की जरूरत है।

**बालू की किल्लत और रोजगार की मांग**

गढ़वा के नीतिश गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार में बालू की किल्लत के कारण निर्माण कार्य रुके हुए हैं। उन्होंने हेमंत सोरेन की सरकार को रोजगार में असफल बताया और भाजपा सरकार की वापसी की उम्मीद जताई।

**राशन और महिला सुरक्षा की गारंटी**

हुसैनाबाद की राजकी देवी ने बताया कि जब भाजपा की सरकार केंद्र और राज्य दोनों में थी, तब उन्हें राशन, फ्री गैस सिलेंडर और पीएम आवास जैसी सुविधाएं मिलीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए मोदी और भाजपा ही भरोसेमंद हैं।

**स्वास्थ्य और सड़क के विकास का समर्थन**

पांकी विधानसभा के मंजय चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा में व्यापक सुधार हुआ। उन्होंने पूरे जिले में सड़कों और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास का श्रेय भाजपा को दिया।

**फ्री राशन और स्वास्थ्य सेवा का लाभ**

भवनाथपुर की रुबी देवी ने कहा कि भाजपा शासन में उन्हें फ्री राशन और 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधा मिली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सुनने का सपना पूरा हो गया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता विषय पर संवाद किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्वीप कोषांग ने गढ़वा जिले के केंद्रीय विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वीप के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा उपस्थित शिक्षकों, कर्मियों एवं विद्यार्थियों से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर विशेष रूप से सक्रिय संवाद किया तथा मतदान क्यों जरूरी है विषय पर चर्चा की। मौके पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों समेत अन्य ने बढ़ चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया व अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बताया गया कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। यदि हम खुद मतदान नहीं करते हैं,



तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता है, किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाना। कार्यक्रम में ईवीएम एवं वीवीपैट के बारे में बताया गया। मतदाताओं से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्त्तव्य अवश्य निभाएं। उपस्थित सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के एप जो निर्वाचन प्रक्रिया को और भी अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने में सहायक है, के बारे में जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। सी-विजिल एप व सक्षम एप के बारे में बताया गया। वोटर हेल्पलाइन एप जो मतदाताओं को मतदान सूची में अपना क्रम संख्या देखने में सहायक है, जिससे मतदाता लंबी लाइन लगाकर मतदाता सूची में अपना नाम व क्रम खोजने के परेशानी से निजात पा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ-पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अवश्य हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायती राज के डीपीएम शाहनवाज असगर, प्रधान सहायक दिवाकर मिश्रा, राकेश कुमार आदि उपस्थित थें।

### छठ घाट पर मेडिकल टीम मौजूद रहेगी

केतार। मुकुन्दपुर गांव के नारायण वन छठ घाट पर तैयारियां अंतिम चरण में है। सोमवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने निरीक्षण कर विधी व्यवस्था का जायजा लिया। डॉ. दिनेश सिंह ने कहा कि नारायण वन छठ घाट पर छठ व्रती छठ महापर्व करने यहां पहुंचते हैं। नारायण वन में मेडिकल टीम पूरी रात कैंप करेंगी। उन्होंने बताया इमरजेंसी के लिए दो एंबुलेंस भी तैयार रहेगा। मौके पर मंदिर विकास समिति अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, बबलू सिंह, रिशु सिंह, सुनील चौबे, धीरेन्द्र चंद्रवंशी, अशोक पासवान, ओमनारायण पंडित सहित अन्य मौजूद थे। इधर प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने सोमवार की देर शाम घाट का जायजा लिया। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष और सदस्यों से चल रही तैयारियों की जानकारी ली। मुख्य पथ से मंदिर तक जाने वाली सड़कों पर ग्रामीणों द्वारा किये गये अतिक्रमण को मंगलवार की सुबह तक हटाने की चेतावनी दी। थाना प्रभारी ने कहा की नारायण वन की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। छठ वर्तियों को आने जाने में किसी तरह का परेशानी नहीं हो इसके लिए मुख्य सड़क पर ट्रैफिक पुलिस रहेंगी।

## हाथी ने बाइक सवारों पर किया हमला, भागकर बचायी जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनीयां।** हाथी के हमले से दो बाइक सवार युवकों को भागकर बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाना पड़ा। गुस्साये हाथी ने मोटर साइकिल को बुरी तरह छतिग्रस्त कर दिया है। घटना चिनियां थाना क्षेत्र के बेता रोड डोली पत्थर जंगल के समीप सोमवार की दोपहर करीब ढ़ाइ बजे की बताया जाता है। दोनों युवक थाना क्षेत्र के बेता गांव के छूहिया टोला निवासी जीवन किशोर सिंह, मिथलेश कुमार हैं। जीवन किशोर सिंह ने बताया कि चिनियां में कल्पना सोरेन की रैली को देखकर वापस वह अपने घर जा रहे थे। इस बीच जंगलों के समीप अचानक एक विशालकाय हाथी सामने आ गया। दोनों मोटरसाइकिल उसी जगह छोड़ कर किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचायी। अगर नहीं भागते तो हाथी उन दोनों को की जान ले लेता। उन्होंने बताया कि गुस्सा में हाथी ने बाइक को पैर से पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया है। वह दोनों भाग कर इसकी जानकारी चिनियां वन विभाग को दिया। फिर जब वापस अपना मोटरसाइकिल को लेने पहुंचे तब देखा कि 5 से 7 हाथियों का झुंड वहां पर और आ पहुंचा था। मौके पर तुरंत वन विभाग की टीम पहुंची और अपने गाड़ी से सायरन को बजाया तब जाकर हाथी भागे। हाथियों के मुख्य मार्ग में आ जाने से लोगों में डर का माहौल बन गया है।

### मधुमक्खियों के हमले से दो घायल

भवनाथपुर। केतार प्रखंड पचाडूमर में एलएनटी कंपनी द्वार बनाया जा रहा पानी टंकी में सोमवार को मधुमक्खियां ने हमला कर एलएनटी कंपनी के दो कर्मचारियों कमलेश कुमार वर्मा व मनी साह को डंक मार कर घायल कर दिया। बता दें कि पानी टंकी में मधुमक्खियों का छत्ता लगा है। काफी मशक्कत के बाद मधुमक्खियों के झुंड से दोनों को बचाया गया। घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज लाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र कुमार ने इलाज किया। एलएनटी कंपनी के मैनेजर अलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि पचाडूमर में पानी टंकी का कार्य किया जा रहा था। पानी टंकी में ही मधुमक्खी छता लगा हुआ था।

**तैयारी**

### छठ महापर्व की तैयारी में जुटे श्रद्धालु

## सफाई अभियान में ग्रामीण ले रहे बढ़-चढ़कर भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** कैलान पंचायत के बंगलवाडीह टोले में छठ महापर्व के तैयारी को लेकर लोग साफ-सफाई में लगे है। छठ घाट के साथ बैजनाथ यादव के घर से लेकर भोला साह के घर के पास छठ घाट तक सड़क मरम्मती किया गया। विभिन्न समाज के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ घाट और सड़क की साफ सफाई में लोग लगे हैं। घाट पर नदियों के चारों तरफ सफाई कर छठ महापर्व के लिए पूरी तरह तैयार किया गया। नदियों में कचरा हटाने के साथ पानी की निकासी की भी व्यवस्था की गई, ताकि घाट पर आने वाले छठ व्रतियों को परेशानी नहीं हो। स्थानीय ग्रामीण भी सफाई अभियान में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं, ताकि घाट पर स्वच्छ और सुरक्षित माहौल बना रहे। सफाई अभियान में मौजूद लोगों ने कहा कि छठ महापर्व धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक है। सभी लोग तन मन धन से पर्व को मनाते हैं। व्यवस्था बनाना हमारा कर्तव्य बनता है। यह कार्य पूर्ण निष्ठा से किया जा रहा है। गांव के लोगों का सोच है कि सामूहिक कार्य से मनोबल बढ़ता है। आपसी रिश्ता,भाईचारे को भी जुड़ाव होता है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के नेताओं से मांग किया कि छठ घाट के पास स्थित तालाब को सुंदरीकरण करने के साथ दो किलोमीटर तक पक्की सड़क का निर्माण होना चाहिए। मौके पर समाज सेवी दयानन्द सोनी, विमलेश यादव, सुरेश साह, अयोध्या गुप्ता, जितेंद्र यादव, विशाल पटेल, राजेंद्र साह, प्रभु साह,ललन बैठा सहित कई ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## नवीन मेल के कैमरे ने देखी पीएम कार्यक्रम की झलकियां



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में मंचासीन पलामू व गढ़वा के प्रत्याशी





मंच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से गुफ्तगू करते हुए



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण सुनने के लिए उमड़ी भीड़



प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में मोदी का तस्वीर लिए हुए उत्साही महिला कार्यकर्ता



ग्रामीण क्षेत्र से प्रधामंत्री का भाषण सुनने जाते भाजपा कार्यकर्ता



प्रधामंत्री के कार्यक्रम में हाथ उठाकर अभिवादन करते जनसमूह



प्रधामंत्री का भाषण सुन उत्साही हुए कार्यकर्ता



ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी प्रधामंत्री के कार्यक्रम में बड़ी संख्या शामिल हुई

